Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request the government to make a policy for coronavirus that will help the Industries in this slow clown.

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब): अध्यक्ष महोदय, हमारे क्षेत्र फतेहगढ़ साहिब में छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज हैं। मंडी गोविंदगढ़ में स्टील की बहुत इंडस्ट्रीज हैं, खन्ना में कैटल फीड की इंडस्ट्रीज हैं, साहनेवाल में साइकल का मेन हब है, वहां साइकल इंडस्ट्रीज हैं, प्लाईवुड इंडस्ट्रीज हैं। देश और दुनिया में स्लो डाउन है। कोरोना वायरस की वजह से न तो उनको माल मिल रहा है और न उसे कोई बेचने वाला मिल रहा है। सारी इंडस्ट्रीज कह रही हैं कि भारत सरकार से निवेदन करें कि कोई न कोई मदद करे। कई लोग कह रहे हैं कि उनके पास मजदूरी देने के लिए भी पैसे नहीं हैं। इसलिए मेरा कहना है कि कोरोना वायरस को लेकर भारत सरकार कोई अच्छी पॉलिसी बनाए, जिससे उनकी मदद हो सके।